# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Sunday, 20 September 2026**


## सस्ता हुआ सोना ! जाने आपके शहर मे क्या है आज के लेटेस्ट गोल्ड और सिल्वर रेट ।


Publisher

Published on 28 Jun 2025




# MCX पर सोने की कीमतों मे लगातार दूसरे दिन गिरावट, जानिए 28 जून को आपके शहर मे कितना सस्ता हुआ सोना और चांदी ।

**MCX पर सोना हुआ सस्ता, निवेशकों की निगाहे टिकीं**

28 जून 2025 की सुबह 8:21 बजे **MCX गोल्ड इंडेक्स 95,524 रुपये प्रति 10 ग्राम** पर पहुंच गया। यह लगातार दूसरा दिन है जब सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है।

इसके पीछे वजह है **ईरान-इजरायल** तनाव में कमी और **अमेरिकी डॉलर** में मजबूती। साथ ही, निवेशकों की नजरें 9 जुलाई को **ट्रंप के टैरिफ** की डेडलाइन पर टिकी हैं, जिससे कीमतों में और हलचल संभव है।

**20 सालों मे 1200% तक बढ़ा सोना**

**2006 मे जंहां सोने की कीमत 7,638 रुपये प्रति 10 ग्राम** थी, वहीं **2025 मे यंह आंकड़ा 1,00,000 रुपये को पार कर गया** ।

पिछले 16 सालों से लगातार पॉजिटिव रिटर्न देने के साथ ही साल 2025 में अब तक 31% की तेजी देखने को मिली है।

**चांदी की कीमते भी बनीं मजबूत**

**वहीं चांदी की बात करे तो कीमते अभी भी ₹1 लाख प्रति किलो** से ऊपर बनी हुई हैं।

पिछले **20 सालों मे इंसमे 668.84%** तक का उछाल दर्ज किया गया है।

आज के प्रमुख शहरों में **सोने की कीमते (24 कैरेट प्रति 10 ग्राम):**

| **शहर** | **कीमत (₹)** |
|---|---|
| दिल्ली | 95,440 |
| मुंबई | 95,600 |
| कोलकाता | 95,470 |
| बेंगलुरु | 95,680 |
| हैदराबाद | 95,750 |
| चेन्नई | 95,880 |

**IBA के अनुसार 24 कैरेट गोल्ड की कीमत : ₹95,770**
**22 कैरेट गोल्ड की कीमत :** ₹87,789

**चांदी की आज की कीमते (प्रति किलो):**

| **शहर** | **कीमत (₹)** |
|---|---|
| मुंबई | 1,05,660 |
| दिल्ली | 1,05,470 |
| कोलकाता | 1,05,520 |
| बेंगलुरु | 1,05,740 |

**IBA के अनुसार चांदी (999 फाइन) की कीमत : ₹1,05,850**

## विशेषज्ञों की राय

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में **सोने की कीमतों मे और उतार-चढ़ाव देखा** जा सकता है, खासकर जब वैश्विक स्तर पर आर्थिक और भू-राजनीतिक हालात अस्थिर बने हुए हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.